प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-30
14/01/2017

मुख्यमंत्री ने गंगा दियारा में नाव डूबने की घटना पर गहरा दुख एवं संवेदना व्यक्त की

पटना, 14 जनवरी 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गंगा दियारा में आज नाव डूबने की घटना पर गहरा दुख एवं संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव एवं जिला प्रशासन को घायलों के समुचित इलाज के लिये त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पटना के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री शालीन एवं जिलाधिकारी पटना श्री संजय कुमार अग्रवाल को राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने और इस पूरे प्रकरण की संयुक्त रूप से जॉच करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने उक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे यह भी देखेंगे कि क्या आयोजन था और इसके लिये आयोजक द्वारा क्या समुचित व्यवस्था की गयी थी।

मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को सभी मृतकों के आश्रितों को अविलम्ब अनुग्रह राशि उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया है। मुख्यमंत्री ने दियारा क्षेत्र में सभी आयोजनों को भी रद्द करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री स्वयं सभी संबंधित से बातकर स्थितियों पर नजर बनाये हुये हैं।

******